
हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025

तापमान

अधिकतम 27 .8 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

10 नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता पर केंद्रित ...



11 रोहतक की बेटियों का हिसार में जलवा ...



## खबर संक्षेप

### दिन का तापमान सामान्य से 6.5 डिग्री कम

**रोहतक।** मानसून विदा होने के बाद पिछले दिनों प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर बरसात हुई। जिससे तापमान में एकदम से भारी गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को रोहतक का अधिकतम पारा 27.8 और न्यूनतम 19 डिग्री रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 6.5 और न्यूनतम 1 डिग्री सेल्सियस कम है। जिसकी वजह से दिन काफी सुहाना रहा। लेकिन अब फिर दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। क्योंकि बीते वीरवार और आज शुक्रवार को हवा की गति कुछ हो गई है।

### बैंक खाते से 39 हजार रुपये निकाले

**सांपला।** फैक्ट्री में काम करने वाले एक मजदूर के खाते में ठगों ने 39 हजार रुपये निकाल लिए हैं। पुलिस ने यूपी निवासी उस्मान के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उस्मान ने बताया कि उसके पास फोन आया कि आप का क्रेडिट कार्ड अपडेट करना है। दिए गए लिंक पर क्लिक करें। जैसे ही क्लिक किया तो उसके खाते से रुपए निकाल लिए गए।

### गाड़ी चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने गाड़ी चोरी की वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। शहर थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि इंद्रा कॉलोनी निवासी प्रवीण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 4 सितंबर को प्रवीण ने अपनी गाड़ी रोहित को सेल्फ ड्राइव पर दी थी। 2 दिन बाद प्रवीण ने रोहित को अपनी गाड़ी वापिस देने कहा। रोहित ने एक दो दिन में लौटाने का नाम लेकर प्रवीण को उसकी गाड़ी नहीं दी। जांच के दौरान 9 अक्टूबर को आरोपी रोहित निवासी राजेन्द्र नगर को गिरफ्तार किया गया है।

### गुमशुदा युवक की तलाश में जुटी पुलिस

**रोहतक।** गांव मदीना निवासी ओमपाल ने अपने बेटे जयवीर के लापता होने की सूचना देते हुए प्रसारण के लिए आवेदन दिया है। ओमपाल ने बताया कि उनका बेटा जयवीर गांव शीसर का रहने वाला है और वह 13 सितंबर 2025 की शाम करीब 8:20 बजे अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर देखा गया था। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई बार फोन मिलाने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। परिजनों ने बताया कि जयवीर की उम्र लगभग 25 वर्ष है, रंग गोरा, लंबाई करीब 5 फुट 8 इंच है और उसने नीले रंग की टी-शर्ट व काले रंग की पैंट पहनी हुई थी।

**वारदात :** सीसीटीवी में कार चलाते दिखे पिता, पुलिस ने किडनैपिंग का केस दर्ज किया

# ओमेक्स सिटी से ट्यूशन पढ़ने गए 13 वर्षीय छात्र का दिनदहाड़े अपहरण

## अब तक बच्चे का सुराग नहीं पिता और बहन पर आरोप

*छात्र ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहा था कि अचानक दो लोग उसे अगवाकर कार डालकर ले गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी और आरोपी पिता एवं बहन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के पॉश इलाके ओमेक्स सिटी में शुक्रवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले 13 वर्षीय छात्र का दिनदहाड़े अपहरण कर लिया गया। छात्र ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहा था कि अचानक एक कार में बैठाकर उसे ले जाया गया। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की और आरोपी पिता एवं बहन के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी छात्र का कोई पता नहीं चल पाया है, जिससे परिवार सदमे में है।





रोहतक। ओमेक्स सिटी में बच्चे के पीछे लगी कार। फोटो : हरिभूमि

### बेटा कहीं दूर न ले जाया जाए: मां

कविता ने बताया कि गौरव पहले भी कई बार बच्चे को अपने पास ले जाने की धमकी दे चुका है। मुझे डर है कि वह प्रणव को दिल्ली या किसी और शहर ले गया है। मैं बस चाहती हूं कि मेरा बच्चा सुरक्षित घर लौट आए। कविता ने यह भी कहा कि वह प्रशासन से उम्मीद रखती हैं कि कोर्ट के आदेशों का सम्मान किया जाएगा और आरोपी को सख्त सजा मिलेगी।

### कई मोर्चों पर पुलिस की जांच

आईएमटी थाना पुलिस ने बच्चे और कार की तलाश में दिल्ली, सोनीपत, मेरठ, बहादुरगढ़ और करनाल पुलिस को अलर्ट कर दिया है। टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज, वाहन की लोकेशन और मोबाइल कॉल रिकॉर्ड की मदद से टीम लगातार सुराग जुटा रही है। पुलिस ने बताया कि बच्चे का मोबाइल बंद है और फिलहाल कार की आखिरी लोकेशन रोहद टोल प्लाजा के बाद की मिली है। इसके बाद वाहन का ट्रेस नहीं मिल पाया है।

### 4:30 बजे हुई वारदात ओमेक्स सिटी में हड़कंप

देव कॉलोनी निवासी कविता का 13 वर्षीय बेटा प्रणव ओमेक्स सिटी में स्थित एक ट्यूशन सेंटर में रोजाना पढ़ने जाता था। शुक्रवार को भी वह अपनी साइकिल से ट्यूशन गया था। परिजनों ने बताया कि वह आमतौर पर 4:15 बजे तक ट्यूशन खत्म कर घर लौट आता था, लेकिन जब 4:30 बजे तक वह नहीं पहुंचा तो चिंता बढ़ गई। परिजन तुरंत उसकी तलाश में निकले, लेकिन आसपास के रास्तों और ट्यूशन सेंटर के पास बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। परिवार ने जब ओमेक्स सिटी के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पूरी कहानी सामने आ गई। फुटेज में दिखा कि ट्यूशन से बाहर निकलने के कुछ ही मिनट बाद एक सफेद वैगन-आर कार प्रणव के पीछे चल रही थी। कुछ ही देर बाद वह कार उसके पास आकर रुकी और फिर बच्चा दिखाई नहीं दिया।

### कार में पिता गौरव और बहन कुमुद दिखे

सीसीटीवी फुटेज में दिख रही कार को प्रणव के पिता डॉ. गौरव गुप्ता चला रहे थे, जबकि साथ वाली सीट पर उसकी बड़ी बहन कुमुद गुप्ता बैठी थी। यही नहीं, बाद में रोहद टोल प्लाजा से मिले फुटेज में भी वही कार 5 बजकर 32 मिनट पर गुजरती हुई दिखाई दी। इस फुटेज में कार के पीछे प्रणव की साइकिल स्पष्ट रूप से नजर आई। इससे यह पुख्ता हो गया कि बच्चे को पिता और बहन ही साथ ले गए हैं।

### परिवार में विवाद, कोर्ट ने बेटे से मिलने पर लगाई थी रोक

देव कॉलोनी निवासी कविता जो प्रणव की मां हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने पति डॉ. गौरव से पिछले छह साल से अलग रह रही हैं। दोनों के बीच अदालत में केस चल रहा है। कोर्ट ने गौरव को हर महीने बेटे की परवरिश के लिए 10 हजार रुपये मेंटेनेंस देने के आदेश दिए थे। साथ ही कोर्ट ने गौरव को बेटे प्रणव से मिलने पर भी स्टे ऑर्डर जारी कर रखा है। कविता ने बताया कि बड़ी बेटी कुमुद पिता के साथ रहती है, जबकि बेटा प्रणव उनके पास था। मेरा बेटा मेरे साथ बेहद खुश था और उसने कई बार कहा था कि वह पिता के पास नहीं जाना चाहता। लेकिन गौरव ने कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए दिनदहाड़े मेरा बच्चा छीन लिया।

### आईएमटी थाना पुलिस आई हरकत में

आईएमटी थाना पुलिस हरकत में आ गई। थाना प्रभारी पंकज ने बताया कि घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और जांच शुरू की। प्राथमिक जांच के बाद अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि डॉ. गौरव गुप्ता और उनकी बेटी कुमुद गुप्ता दिल्ली और मेरठ के निवासी हैं, उनके खिलाफ किडनैपिंग और कोर्ट आदेश के उल्लंघन की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। एसएचओ पंकज ने कहा कि हमारे पास कई अहम सुराग हैं। तकनीकी सर्विलांस के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रैक की जा रही है।

## करवा-चौथ पर चांद का दीदार



**रोहतक।** शुक्रवार को करवा चौथ के अवसर पर सुहागिनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार निर्जला व्रत रखा और अपने पतियों की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। एक सुहागिन पति का दीदार करती हुई।

*(विस्तृत खबर पेज-10 पर)*

# पटाखों की बिक्री करने वाले तीन युवक पकड़े

## भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दिवाली के त्योहार को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने अवैध पटाखों की बिक्री पर सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। तीनों मामलों में पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने पहले ही स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि बिना लाइसेंस पटाखों की भंडारण, बिक्री, आयात-निर्यात या परिवहन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में कानून के तहत सख्त सजा का प्रावधान है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष निगरानी टीमों



का गठन किया गया है, जो लगातार पटाखों की बिक्री और वितरण पर नजर रख रही हैं। थाना कलानौर प्रभारी निरीक्षक सुलेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही अजय के नेतृत्व में पुलिस चौकी शहर कलानौर की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि वार्ड नंबर 4 कलानौर निवासी एक युवक अपने किराए के कमरे में बड़ी मात्रा में पटाखे रखे हुए है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और युवक को काबू किया। गिरफ्तार युवक की पहचान विम्पी निवासी कलानौर के रूप में हुई।

## विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर शिक्षा एवं शोध के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी



### एमडीयू में गेट 2026 एवं जैम 2026 जानकारी सत्र आयोजित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को आईआईटी रुड़की के गेट-जैम कार्यालय द्वारा गेट 2026 एवं जैम 2026 जानकारी सत्र"का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) और ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स (जैम) परीक्षाओं की संरचना, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा करियर संभावनाओं की विस्तृत जानकारी देना रहा, ताकि वे उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में नए अवसरों का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ यूआईईटी के निदेशक प्रो. अश्विनी कुमार ढींगड़ा के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को गेट परीक्षा में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी रुड़की से प्रो. उदय सिंह और प्रो. अमेया कुमार नायक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने गेट और जैम परीक्षाओं के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी से जुड़ी रणनीतियाँ और उपयोगी सुझाव प्रदान किए। सत्र के अंत में विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए।



### त्योहारों पर स्वाट टीमों की शहर में गश्त तेज

**रोहतक।** दीपावली पर्व को देखते हुए जिला पुलिस द्वारा लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर की सुरक्षा बढा दी गई है। जिला पुलिस द्वारा स्वाट की अलग-2 चार टीमों का गठन किया गया है। स्वाट टीम आधुनिक हथियारों से लैस है तथा किसी भी प्रकार की परिस्थिती से निपटने में सक्षम है। स्वाट टीम शहर के प्रमुख व महत्वपूर्ण स्थानों-ईमारतों के अलावा शहर के रेलवे रोड, किला रोड, कपडा मार्केट, शोरी मार्किट, बडा बाजार, गांधी कैम्प मार्किट, आदि जगहों पर गस्त करेगी।





**मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कदम, नशे से पीड़ित व्यक्ति को घर बैठे मिलेगी मदद**

# पीजीआई में शुरू हुई व्यसन निवारण हेल्पलाइन और एडवांस साइकेट्री ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में दो अहम पहल की शुरुआत की गई। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. एचके अग्रवाल ने व्यसन निवारण सामुदायिक हेल्पलाइन 01262-299091 का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह सेवा उन लोगों के लिए वरदान साबित होगी जो मानसिक रूप से परेशान हैं या नशे की समस्या से जूझ रहे हैं। अब ऐसे लोगों को परामर्श या इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, वे इस नंबर पर कॉल करके घर बैठे विशेषज्ञों से मदद प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर एडवांस साइकेट्री ब्लॉक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शिलान्यास भी किया गया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि इस सेंटर में न्यूरो मॉड्यूलेशन थेरेपी, डिजिटल एकेडमी, टेलीसाइकेट्री स्टूडियो और एआई आधारित लैब की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत के मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि आजकल हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में तनाव से गुजर रहा है।



### जागरुकता के लिए पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई

आईएमएच निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई, ताकि लोग समझ सकें कि मानसिक रूप से सशक्त रहना कितना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिमाचल या उत्तराखंड जैसी जगहों पर आई प्राकृतिक आपदाओं ने दिखाया कि आपातकालीन स्थिति में मानसिक दृढ़ता कितनी महत्वपूर्ण होती है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि एडवांस साइकेट्री ब्लॉक खुलने से प्रदेश के लोगों को उच्च स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

### व्यसन निवारण हेल्पलाइन

मानसिक तनाव या नशे की समस्या से जूझ रहे लोग अब 01262-299091 नंबर पर कॉल कर विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं। यह सेवा मरीज को सही इलाज की दिशा दिखाएगी और उसे मानसिक रूप से संभलने में मदद करेगी। नए सेंटर में न्यूरो मॉड्यूलेशन थेरेपी, डिजिटल एकेडमी, टेलीसाइकेट्री स्टूडियो और एआई लैब की सुविधा मिलेगी, जिससे प्रदेश के मरीजों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का नया आयाम प्राप्त होगा।

**खबर संक्षेप**



## निआ शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालिफाई किया

**रोहतक।** आल इंडिया रेडियो की आधिकारिक रेडियो जाकी सेक्टर 1 निवासी निआ शर्मा ने खेल जगत में एक और उपलब्धि अपने नाम की है। देहरादून में आयोजित 44वीं प्री नेशनल दस मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह सफलता उनके संघर्ष और मेहनत का परिणाम है। निआ शर्मा साहित्य, खेल और मंच तीनों ही क्षेत्रों में सक्रिय हैं। वह पुस्तक मैं एक जादूगर हूं की लेखिका हैं और साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस खिलाड़ी भी हैं।

## धान की पराली पशु चारे के लिए अच्छा विकल्प : डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि धान की पराली पशु चारे के लिए एक अच्छा विकल्प है। उन्होंने कृषि



एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे जिला में स्थित गोशालाओं के प्रबंधकों प्रधानों के साथ मिलकर धान की पराली के उचित प्रबंधन के लिए कार्य करें। विभाग के अधिकारियों के साथ गौशाला प्रबंधकों की बैठक में आश्वासन दिया गया कि वे खरीफ 2025 में धान की पराली में आगजनी रोकने के लिए गौशाला में सूखे चारे की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक पराली एकत्रित करेंगे। सचिन गुप्ता ने कहा है कि पराली जलाने से वातावरण दूषित होता है तथा इससे सभी जीव-जंतुओं का जीवन प्रभावित होता है। फसल अवशेष जलाने से अनेक बीमारियां फैलती है।

### महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार निर्जला व्रत रखा

# करवा चौथ: सुहागिनों ने चांद से मांगा पति का सौभाग्य, बाजारों में रौनक व सुरक्षा के इंतजाम

*दोपहर में चौथ माता की कथा सुनकर व्रत का धार्मिक महत्व समझा*

*पतियों की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की*

*सुहागिनों ने अपने श्रृंगार और सजावट के माध्यम से न केवल अपनी आस्था दिखाई, बल्कि त्योहार की खुशियों को भी दोगुना किया। कई महिलाएं पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए समूहों में जुटीं।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शुक्रवार को करवा चौथ के अवसर पर सुहागिनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार निर्जला व्रत रखा और अपने पतियों की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही शहर में त्योहार का उत्साह देखने को मिला। महिलाएं नए वस्त्र पहनकर, हाथों में चूड़ियां और मेहंदी सजाकर पूरे दिन उत्सव में रमी रहीं। सुहागिनों ने दोपहर में चौथ माता की कथा सुनकर व्रत का धार्मिक महत्व समझा। इसके बाद रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देकर व्रत खोला। नवविवाहित महिलाओं में उत्साह का विशेष रूप से लोहा देखा गया। सुबह से ही महिलाएं अपने श्रृंगार और पोशाकों में सजी-धजी नजर आईं। जैसे ही शाम के समय चांद निकला, महिलाएं छतों पर जाकर उसे अर्घ्य देती दिखाई दीं। इस दौरान उन्होंने अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस पर्व में श्रृंगार का विशेष महत्व है। सुहागिनों ने अपने श्रृंगार और सजावट के माध्यम से न केवल अपनी आस्था दिखाई, बल्कि त्योहार की खुशियों को भी दोगुना किया। कई महिलाएं पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए समूहों में जुटीं।



**रोहतक।** करवा चौथ पर्व पर झंग कॉलोनी में कथा में पूजा-अर्चना करती हुई सुहागिनें। फोटो: हरिभूमि

### उत्सव में विशेष आकर्षण

करवा चौथ के अवसर पर बाजारों और सैलूनों में विशेष आकर्षण देखा गया। मेहंदी और श्रृंगार के स्टॉल्स पर लंबी कतारें लगीं। महिलाएं अपने हाथों और पैरों पर मेहंदी रचाकर पारंपरिक श्रृंगार कर रही थीं। सैलूनों में हेयर स्टाइलिंग, मेकअप और पारंपरिक श्रृंगार के लिए महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इस अवसर पर बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। लोग पारिवारिक और व्यक्तिगत खरीदारी के लिए बाजारों में समय बिताते दिखे। सुरक्षा व्यवस्था और बाजार में भीड़ नियंत्रण की वजह से लोग सुरक्षित वातावरण में खरीदारी कर सके।



**रोहतक।** चौथ माता की कथा सुनने के बाद तुलसी महारानी को अर्घ्य देती सुहागिनें। फोटो: हरिभूमि

### सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व

करवा चौथ केवल वैवाहिक जीवन में प्रेम और समर्पण बढ़ाने का पर्व नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक भी है। इस दिन विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं। शहर में इस अवसर पर कई समूहों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए।

### बाजारों में भीड़ और खरीदारी की रौनक

करवा चौथ के मद्देनजर मुख्य बाजारों में सुबह से ही खासी भीड़ रही। महिलाएं ब्यूटी पार्लर, सैलून और मेकअप स्टूडियो में कतारों में लगी रहीं। बाजार में गहनों, पायल, चूड़ियों, रंग-बिरंगे कपड़े और सजावट की सामग्री की खरीदारी करने वालों की तादाद अधिक रही। दुकानदारों ने बताया कि करवा चौथ के मौके पर खरीदारी का उत्साह सामान्य दिनों की तुलना में तीन से चार गुना अधिक रहा। बाजारों में भीड़ और रौनक के बीच प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए। पुलिस ने बाजारों में गश्त बढ़ाई और भीड़ नियंत्रण के लिए मार्गदर्शन किया। मुख्य बाजारों और सड़क मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।



**रोहतक।** जनता कॉलोनी में करवाचौथ पर्व पर एकत्रित सुहागिनें। फोटो: हरिभूमि

### सुरक्षा और उत्सव का संतुलन

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि करवा चौथ जैसे त्योहारों पर महिलाओं और परिवारों की सुरक्षा प्राथमिकता होती है। रोहतक में भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बाजारों और सड़कों पर सतर्कता बढ़ाई गई। ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों का संचालन सुनिश्चित किया ताकि खरीदारी करने वाले और त्योहार मनाने वाले सुरक्षित रह सकें। स्थानीय निवासी रमा देवी ने कहा कि करवा चौथ पर बाजारों में भीड़ रहती है, लेकिन पुलिस की गश्त और मार्गदर्शन से लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।



**रोहतक।** करवा चौथ पर्व पर सेक्टर एक में कथा में पूजा-अर्चना करती हुई सुहागिनें। फोटो: हरिभूमि

### संकट मोचन मंदिर में सुहागिनों ने करवा की पूजा की

- साध्वी मानेश्वरी देवी ने सुनाई सुहागिनों को करवाचौथ की कथा

करवा चौथ का व्रत हिंदु धर्म में अति महत्वपूर्ण के साथ-साथ सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास है । वे इस व्रत का बेसब्री से इंतजार करती हैं। माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री की कृपा से कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाने वाला पति-पत्नी के प्रेम का प्रतीक करवा चौथ का पर्व शुक्रवार को सुहागिनों ने भगवान शिव, मां पार्वती, गणेश जी, कार्तिकेय, चंद्रमा और चतुर्थी माता की पूजा-अर्चना, श्रद्धा और भक्ति से मनाया। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।



**रोहतक।** संकट मोचन मंदिर में करवा की कथा करती साध्वी मानेश्वरी देवी।

## पठानिया पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता



**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच, विश्लेषणात्मक कौशल, टीमवर्क और संवाद क्षमता को विकसित करना था। ग्रुप डिस्कशन के लिए दो प्रमुख विषय चुने गए "मानसिक स्वास्थ्य" और "अमेरिकी टैरिफ व भारत की प्रतिक्रिया"। इन दोनों समसामयिक और विचारोत्तेजक विषयों पर विद्यार्थियों ने गहराई से चर्चा की और अपने तार्किक विचारों से निर्णायकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन महक और रिद्धिमा ने किया, जो कि लता क्वात्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। निर्णायक की भूमिका रेशमा मल्होत्रा ने निभाई, जिन्होंने विद्यार्थियों के विचारों, प्रस्तुति और संवाद शैली के आधार पर उनका मूल्यांकन किया। इस प्रतियोगिता के आयोजन में दीपक जैन और मंजू आनंद की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने विद्यार्थियों को ग्रुप डिस्कशन के नियम, दृष्टिकोण और प्रस्तुति के तरीके समझाते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करें। प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया और निदेशक अंशुल पठानिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ज्ञान के आदान-प्रदान और उच्च चिंतन कौशल के विकास का माध्यम हैं। जब विद्यार्थी तर्क और तथ्यों के साथ अपनी बात रखते हैं, तो उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व और संवाद का गुण विकसित होता है, जो भविष्य में उनके करियर और व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों के बीच उपलब्धि और उत्साह की भावना देखने को मिली। प्रधानाचार्या वर्षा पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा और समन्वयक आलोक हुड्डा की उपस्थिति में विद्यार्थियों को सराहना पत्र प्रदान किए गए।

- मानसिक स्वास्थ्य और अमेरिकी टैरिफ-भारत की प्रतिक्रिया रहे मुख्य विषय

# खेतों में जमा बरसाती पानी निकासी की मांग

## अखिल भारतीय किसान सभा सदस्यों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- शीघ्र मुआवजा राशि वितरित करने की मांग की
- डीएपी, यूरिया और फसलों के बीज सरकारी दुकानों पर उपलब्ध करवाए जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

महम क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा सदस्यों ने शुक्रवार को एसडीएम मुकुंद तंवर को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में किसान सभा सदस्यों ने कहा कि मानसून सीजन समाप्त हो जाने के बाद भी महम क्षेत्र के 17 गांवों के रकबे में बरसाती पानी जमा है। बरसाती पानी की शीघ्र निकासी की जाए, ताकि अगली फसल की बिजाई समय पर हो सके। साथ ही किसान सभा ने कहा कि जिन किसानों की फसलें बरसाती पानी की वजह से बर्बाद हुई हैं, उन किसानों को 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा जल्द दिया जाना चाहिए, ताकि किसान गेहूं की फसल की बिजाई कर सके। किसान सभा ने फसलों की खरीद एमएसपी पर किए जाने की मांग की। कहा कि डीएपी, यूरिया और फसलों के बीज सरकारी दुकानों पर उपलब्ध करवाए जाएं। क्योंकि किसानों को प्राइवेट दुकानों से महंगे खाद बीज खरीदने पड़ते हैं।



**महम।** एसडीएम मुकुंद तंवर को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### पांच एकड़ तक मुआवजा देने की शर्त हटाई जाए

जिन गांवों में इस बार बारिश के पानी से फसलें बर्बाद हुई हैं, उन गांवों में अगले साल बारिश से फसलें खराब न हो सकें, इसके लिए बरसाती पानी निकासी के स्थाई समाधान किए जाएं। सरकार ने पांच एकड़ तक मुआवजा देने की शर्त लगाई है, यह शर्त हटाई जानी चाहिए, क्योंकि बहुत से किसान ठेके पर जमीनें लेकर कास्त करते हैं। ऐसे कास्तकारों को काफी नुकसान हो जाएगा। मंडियों के अंदर किसान के माल की सुरक्षा के उचित प्रबंध किए जाएं। क्योंकि बारिश में कई बार किसान का अनाज भीग जाता है। एसडीएम मुकुंद तंवर ने किसान सभा सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे उनकी बात को सरकार तक पहुंचाएंगे और जितना जल्द संभव होगा, उतना जल्दी किसानों को राहत प्रदान करेंगे। इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला वित्त सचिव बलवान सिंह, जिला सचिव राय सिंह नहरा, प्रधान शमशेर सिंह, रमेश और रविंद्र बेडवा मौजूद थे।

## विकल्प पब्लिक हाई स्कूल में श्रद्धा के साथ मनाया गया करवा चौथ पर्व



*शिक्षिकाओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजधज कर उत्सव में लिया भाग*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

विकल्प पब्लिक हाई स्कूल में 10 अक्तूबर को करवा चौथ पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजधज कर उत्सव में भाग लिया और अपने सुहाग की दीर्घ आयु तथा सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखा। कार्यक्रम की शुरुआत करवा चौथ की व्रत कथा के वाचन से हुई, जिसे शिक्षिकाओं ने भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। पूजा-अर्चना के पश्चात मनोरंजक फन गेम्स का आयोजन किया गया, जिनका संचालन विनिता ने किया। इन गतिविधियों ने कार्यक्रम में मनोरंजन का रंग भर दिया और सभी उपस्थितों का मन मोह लिया।

इस अवसर को और अधिक यादगार बनाने के लिए शिक्षिकाओं ने सामूहिक रूप से फोटोग्राफी की, जिससे यह दिन स्मरणीय बन गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने करवा चौथ पर्व के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व न केवल वैवाहिक जीवन की आत्मीयता को बढ़ाता है, बल्कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति की आस्था और समर्पण का प्रतीक भी है। इस आयोजन से सभी उपस्थितों को करवा चौथ जैसे पारंपरिक पर्व के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।



## पीजीआईएमएस में रोटेटरी हेडशिप की मांग को चिकित्सकों ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा

**रोहतक।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टि्यूट आफ मेडिकल सांईसिंज में अब रोटेटरी हेडशिप की मांग ने एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है और इस बार चिकित्सकों के जोश को देखकर लग रहा है कि चिकित्सक अब रोटेटरी हेडशिप को पीजीआईएमएस में लागू करवाए बिना पिछे हटने वाले नहीं है। इसी संबंध में शुक्रवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसके अग्रवाल को शुक्रवार को हरियाणा स्टेट मेडिकल टीचर एसोसिएशन की तरफ से दर्जनों चिकित्सकों ने 200 चिकित्सकों द्वारा किए गए हस्ताक्षरों वाला एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रोहतक में रोटेटरी हेडशिप लागू करने की मांग की गई है। चिकित्सक ने बताया कि 2019 में विश्वविद्यालय की एग्जीक्यूटिव काउंसिल ने रोटेटरी हेडशिप के प्रस्ताव को पास कर हरियाणा के राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति को भेजा था। राज्यपाल ने इस पर सहमति प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय को अनुमति भेज दी थी। अब केवल इसको लागू करना बाकी है।

## एमडीयू में आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय ज्ञान कोर्स

**रोहतक।** मदवि में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स (ज्ञान) योजना के तहत एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कोर्स आयोजित किया जा रहा है। यह एक सप्ताहीय कार्यक्रम 13 से 18 अक्टूबर तक चलेगा, जिसका संचालन ब्राजील की यूनिवर्सिटी ऑफ साओ पाउलो के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. स्वेतोस्लाव टोडोरोव करेंगे। प्रो. टोडोरोव प्रोबायोटिक्स और उनके औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ हैं। वे इस कार्यक्रम के दौरान 12 व्याख्यान, ट्यूटोरियल और प्रायोगिक प्रशिक्षण सत्र देंगे, जिनका मुख्य फोकस प्रोबायोटिक्स के पृथक्करण, पहचान, विशेषताओं और उनके औद्योगिक एवं स्वास्थ्य संबंधी उपयोगों पर रहेगा। प्रतिभागियों को मानव और पशु स्वास्थ्य में प्रोबायोटिक्स के महत्व की गहन समझ प्रदान करेगा।

- ब्राजील के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. स्वेतोस्लाव टोडोरोव देंगे प्रोबायोटिक्स पर विशेषज्ञ व्याख्यान

**जागरुकता** कुलपति ने सुपवा की नुक्कड़ नाटक टीम को 15,000 के इनाम की घोषणा की

# नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक का किया मंचन

*संकल्प टीम प्रदेश के चुनिंदा गांवों में नशामुक्ति का पहुंचाएगी संदेश*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) के कुलपति डॉ. अमित आर्य ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय की नुक्कड़ नाटक टीम को 15,000 के नकद पुरस्कार की घोषणा की, जिसने नशा मुक्ति और सामाजिक जागरुकता पर केंद्रित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया था।

युवा मामलों के निदेशक डॉ. दुष्यंत द्वारा निर्देशित इस नाटक का प्रदर्शन इससे पहले दशहरे के अवसर पर रामलीला के मंचन के दौरान रोहतक के पुराने आईटीआई मैदान में किया गया था। मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ अपने प्रभावशाली संदेश और फिल्म एवं टीवी विभाग के 15 प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा इसके ऊर्जावान प्रदर्शन के लिए इसे जनता से व्यापक सराहना मिली।



### प्रतिबद्धता और सामुदायिक सेवा के लिए बधाई दी

कुलपति डॉ. अमित आर्य ने रंगमंच को सामाजिक सुधार के माध्यम के रूप में इस्तेमाल करने के लिए उनकी सराहना की। यह प्रदर्शन एक अभिनय से कहीं बढ़कर है यह एक आंदोलन है। संकल्प का संदेश हमारे युवाओं को कमज़ोर करने वाली नशीली दवाओं और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों पर इच्छा शक्ति और जागरूकता की विजय को दर्शाता है। इसी प्रेरणा के साथ, हमारी संकल्प टीम अब हरियाणा के चुनिंदा गांवों में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि यह उन दर्शकों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है। रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक ने टीम को उनकी निरंतर प्रतिबद्धता और सामुदायिक सेवा के लिए बधाई दी।

### चारदीवारी से बाहर निकलने के बाद रंगमंच होता है सार्थक

नाटक के निर्देशक डॉ. दुष्यंत ने प्रोत्साहन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और साथ ही कहा रंगमंच तब वास्तव में सार्थक होता है जब वह परिसर की चारदीवारी से बाहर निकलकर लोगों से सीधे जुड़ता है। इस पहल का समन्वय छात्र कल्याण विभाग के अंतर्गत एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रकाश खांडे द्वारा किया जा रहा है। आगामी ग्राम प्रदर्शन, नशा मुक्ति अभियान के साथ जुड़े सुपवा के व्यापक सामुदायिक जुड़ाव अभियान का हिस्सा होंगे, जिसमें स्वस्थ जीवन और सामाजिक उत्तरदायित्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कला और युवाओं की भागीदारी का उपयोग किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पुरन कुमार के सुसाइड पर निष्पक्ष जांच की मांग



**रोहतक।** वाई पुरन कुमार के सुसाइड मामले ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। सुसाइड नोट में पंद्रह आईपीएस और आईएएस अधिकारियों के नाम सामने आने के बाद अब दलित संगठनों और समाज के लोगों में गहरा रोष है। दलित समाज के नेता अड़ी चंद निम्बड़िया ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि दोषियों को सजा मिल सके। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुःखद और चौंकाने वाली घटना है कि एक इतने बड़े पद पर बैठे अधिकारी को आत्महत्या जैसा कदम उठाना पड़ा। सुसाइड नोट में जिन अधिकारियों के नाम सामने आए हैं, उनकी भूमिका की पारदर्शी तरीके से जांच होनी आवश्यक है।

### जापान का निवेश एक नए युग का उद्घोष



**रोहतक।** हरियाणा के लिए यह सप्ताह एक ऐतिहासिक अवसर लेकर आया है। प्रदेश में औद्योगिक और रोजगार विकास के क्षेत्र में एक नई छलांग लगाते हुए जापान की प्रमुख कंपनियों ने हरियाणा में 5000 करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया है। इस निवेश के तहत 15 हजार युवाओं को रोजगार मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) हरियाणा सरकार और जापान की सात बड़ी कंपनियों के बीच टोक्यो में हस्ताक्षरित हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं यह बात भाजपा नेता प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कही। उन्होंने कहा कि यह निवेश न केवल हरियाणा बल्कि पूरे उत्तर भारत के औद्योगिक नक्शे को नई दिशा देगा।



### मानसिक स्वास्थ्य चेतना जागृत करने का संकल्प

**रोहतक।** मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने, समाज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए कार्य करने तथा समाज-राष्ट्र में करुणा भाव से मानसिक स्वास्थ्य चेतना जागृत करने का संकल्प आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापकों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में लिया। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्षा प्रो. अंजलि मलिक ने बताया कि 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य पूरे विश्व में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का संचार एवं प्रचार-प्रसार करना है। इसी कड़ी में विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य संकल्प शपथ लिया गया ताकि समाज में मानसिक स्वास्थ्य चेतना को फैलाया जाए। गौरतलब है कि एमडीयू का मनोविज्ञान विभाग तथा हैप्पीट्यूड लैबोरेट्री सामूहिक रूप से 6 अक्टूबर से मानसिक जागरूकता सप्ताह मना रहा है।

# समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का करें निपटारा : डीसी

- हर शुक्रवार को समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाती है
- आमजन को मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक




**रोहतक।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में अफसरों के साथ बैठक करते डीसी।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों की लंबित एवं री-ओपन हुई शिकायतों का तुरंत निपटारा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर की शिकायतों का स्टेटस भी नियमित रूप से अपडेट करवाएं। सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा कर रहे थे। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा वर्चुअली हर शुक्रवार को समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाती है।

### फरियादियों को सुलभ न्याय दिलाना ही उद्देश्य

डीसी ने कहा कि लंबित व री-ओपन से संबंधित विभागों के अधिकारी समाधान शिविरों के उपरांत सभागार में उपस्थित रहकर इन शिकायतों का निपटारा करवाकर अपडेट करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के दौरान प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का अधिकारी यथाशीघ्र उचित निपटारा करने के सार्थक प्रयास करें।इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, एएसपी प्रतीक अग्रावल, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, डीएमसी जितेंद्र सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह, जिला उद्यान अधिकारी मदन लाल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव व संदीप, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, भूजल वैज्ञानिक दलबीर राणा, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रोहताश, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

### समीक्षा की

डीसी गुप्ता ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों के दौरान ही लंबित शिकायतों का निपटारा करवाएं। नागरिकों की हर समस्या/शिकायत का एक छत के नीचे तुरंत निपटारा करने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा करते हुए नगर निगम, जनस्वास्थ्य, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, सिंचाई, विकास एवं पंचायत तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को लंबित व री-ओपन हुई शिकायतों का तुरंत निपटान करने को कहा।

### सुभाष रोड, अग्रसेन पार्किंग व वाल्मीकि चौक पर की सफाई

**रोहतक।** नगर निगम द्वारा शुक्रवार को शहर में स्वच्छता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों और व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और सड़कों व बाजार क्षेत्रों की गहन सफाई करना रहा। स्वच्छता अभियान जागरूकता कार्यक्रम सुभाष रोड एवं विशेष सफाई अभियान अग्रसैन पार्किंग से वाल्मीकि चौक तक चलाया गया। निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि सुभाष रोड पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम इस दौरान विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक मौजूद रहे।

## अंडर-17 बैडमिंटन और अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

# रोहतक की बेटियों का हिसार में जलवा बैडमिंटन और कबड्डी में गाड़ा झंडा

- दोनों टीमों की इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों में दिखा उत्साह
- विजेता टीमों की हौसलाफजई करते हुए किया सम्मानित

अंडर-17 आयु वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में रोहतक की टीम ने शुरू से ही अपने कौशल, अनुशासन और संघर्ष भावना का परिचय दिया। कड़े मुकाबलों में खिलाड़ियों ने न केवल प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ा, बल्कि पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल से सबका दिल जीत लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में रोहतक की बेटियों ने एक बार फिर अपने हुनर और जज्बे से पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। हिसार में 8 से 10 अक्तूबर 2025 तक शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय लड़कियों की बैडमिंटन और कबड्डी प्रतियोगिता में रोहतक की दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मीडिया संयोजक डॉ. जनक राज ने बताया कि अंडर–17 आयु वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में रोहतक की टीम ने शुरू से ही अपने कौशल, अनुशासन और संघर्ष भावना का परिचय दिया। कड़े मुकाबलों में खिलाड़ियों ने न केवल प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ा, बल्कि पूरे टूर्नामेंट में अपने बेहतरीन खेल से सबका दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, प्रशिक्षकों की लगन और टीम इंचार्ज के समर्पण का प्रतिफल है। इस जीत पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दलजीत सिंह और जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक ने सभी विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई दी। कहा कि यह सफलता बेटियों के बढ़ते आत्मविश्वास और खेलों में उनकी सक्रिय भागीदारी का प्रमाण है।



**रोहतक।** विजेता छात्राआओं को बधाई देते हुए।

### बेटियों को किया प्रोत्साहित

अधिकारियों ने कहा कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और खेलों के माध्यम से वे प्रदेश का नाम ऊंचा कर रही हैं। टीम की सफलता में टीम इंचार्ज संगीता रूहिल का विशेष योगदान रहा। उन्होंने प्रतियोगिता के हर चरण में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें मानसिक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाया। उनके प्रेरणादायक नेतृत्व और सामरिक दृष्टिकोण से टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज की। इसी तरह, हिसार में आयोजित अंडर–14 आयु वर्ग की लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में भी रोहतक की टीम ने मैदान पर दमदार प्रदर्शन दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। खिलाड़ी पूरे जोश और टीम भावना के साथ मैदान में उतरीं और फाइनल तक पहुंचते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को कड़े मुकाबले में मात दी।

## गोयनका स्कूल की स्केटिंग टीम का इंडो-नेपाल सीरीज के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल की सीनियर विंग की स्केटिंग टीम ने एक बार फिर स्कूल और शहर का नाम गौरवान्वित किया है। टीम का चयन प्रतिष्ठित इंडो–नेपाल गेम्स इंटरनेशनल सीरीज 2025 के लिए हुआ है, जो नेपाल के पोखरा क्षेत्र में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भारत और नेपाल के विभिन्न स्कूलों की टीमें भाग लेंगी। गोयनका स्कूल की इस विजेता टीम में आरव, मानवीर, प्रिंस, आरव सिंह, अवि, रिहान, वंश राय, रेयांश और अरनव जयसवाल शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से न केवल स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता और कोच का भी गर्व बढ़ाया।

### शुभकामनाएं दीं

डायरेक्टर विक्रांत मायना और सान्या मायना ने कहा कि छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और कोच शिव के उचित मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि आज गोयनका की टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंची है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह चयन आने वाली युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत साबित होगा। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने कहा कि इंटरनेशनल ओलंपिक समिति द्वारा प्रमाणित इंडो–नेपाल गेम्स एक अत्यंत प्रतिष्ठित मंच है। इसमें भाग लेना ही किसी भी खिलाड़ी के लिए गर्व की बात है। स्कूल के सह-निदेशक हिमांशु गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों और कोच को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि गोयनका परिवार के लिए गौरव का क्षण है।



### मदवि में योग क्लब कक्षाओं का शुभारंभ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में आज योग क्लब कक्षाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। ये योग कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक टैगोर ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक है। उन्होंने बताया कि योग क्लब छात्रों को विविध अवसर प्रदान करेगा, जिससे वे योग के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। योग क्लब प्रभारी नरेश अहलावत ने जानकारी दी कि क्लब द्वारा दैनिक योग सत्रों के अलावा परीक्षा काल में तनाव मुक्ति सत्र, "योग युक्त, मोटापा मुक्त" अभियान, विभागीय जागरूकता कार्यक्रम, तथा विद्यालयों व गांवों में आउटरीच गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।



### नव नियुक्त मार्केट कमेटी चेयरमैन का किया सम्मान

**सांपला।** शुक्रवार को कस्बे में नव नियुक्त मार्केट कमेटी चेयरमैन उदयभान मलिक और वायस चेयरमैन आढती बंसी मक्कड़ का सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिलना चाहिए। नव नियुक्त चेयरमैनों का व्यापार मंडल ओर अन्य लोगों द्वारा पगड़ी और फूल मालाओं से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ नेता देवराज ओहलायन ने सभी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर रमेश भाटिया, दिनेश घिलौड़,राजू सहगल, मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री, अशोक, पूर्व चेयरमैन सुधीर ओहलायन,हेमंत कुमार, सोमबीर, संदीप मककड़, मुन्ना,कविता,रीतू सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## अनुसूचित जाति वर्ग आज डीसी को ज्ञापन सौंपेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

- दलित संगठनों में एडीजीपी वाई पूर्ण कुमार की मौत से आक्रोश
- सरकार आत्महत्या के कारणों की निष्पक्ष जांच की मांग

हरियाणा सरकार में एडीजीपी वाई पूर्ण कुमार को जातीय विद्वेष के चलते सुसाइड करने के मामले में अनुसूचित जाति वर्ग ने रोष जताया है। इस मामले में उपायुक्त के माध्यम से शनिवार को मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगा। आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि सीनियर आईपीएस अधिकारी को जिनकी पत्नी सीनियर आईएएस है, को सुसाइड करना पड़ा। यह चिंता का विषय है। किस प्रकार अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों, अधिकारियों के खिलाफ षड्यंत्र रचा जाता है। रोष स्वरूप इस सुसाइड के दोषियों की गिरफ्तारी और कार्रवाई के लिए मांग की गई है। अनुसूचित जाति वर्ग ने जिले के सभी अनुसूचित जाति वर्ग के प्रबुद्ध लोगों,सामाजिक संगठनों व विद्यार्थियों से निवेदन किया है कि सभी सुबह 11:00 बजे मानसरोवर पार्क रोहतक में भारी संख्या में पहुंचे। मानसरोवर पार्क रोहतक से चलकर उपायुक्त कार्यालय पर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## होटल प्रबंधन संस्थान में 52 ने दिया मैनेजर पद के लिए साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

तिलयार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों बेला मोंडे ग्रुप और बर्गर किंग ने मैनेजर पद के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि बीएससी तृतीय वर्ष के कुल 52 विद्यार्थियों ने इस साक्षात्कार में भाग लिया।

बेला मोंडे ग्रुप से आए मैनेजर अमितपाल सिंह और महक तथा बर्गर किंग से आए एचआर मैनेजर निधि आनंद और सोनू ने छात्रों को अपनी कंपनियों की कार्यप्रणाली और भविष्य की परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# मदवि में स्किल इकोसिस्टम को मिलेगा नया आयाम

- दूसरे चरण में इसे प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में और तत्पश्चात सभी विभागों में विस्तारित किया जाएगा : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) विद्यार्थियों और शिक्षकों की क्षमता निर्माण, डिमांड ड्रिवेन स्किल्स और टीचर स्किल अपग्रेडेशन पर विशेष ध्यान देगी। विश्वविद्यालय का उद्देश्य स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर स्किल इकोसिस्टम को सशक्त बनाना है। कुलपति कार्यालय में आयोजित एक विशेष बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए इस दिशा में नूतन पहल करेगा। उन्होंने कहा कि एमडीयू विद्यार्थियों और शिक्षकों की स्किल कम्पेटेन्सी को विकसित करने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हर विद्यार्थी के पास शैक्षणिक डिग्री के साथ रोजगारोन्मुख कौशल भी हो।कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बताया कि इस पहल को पहले चरण में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में लागू किया जाएगा।



**रोहतक।** स्किल इकोसिस्टम को लेकर बैठक लेते कुलपति। *फोटो : हरिभूमि*

### जानकारी दी

दूसरे चरण में इसे प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में और तत्पश्चात सभी विभागों में विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों की स्किल क्षमता को विकसित करने के लिए इंडस्ट्री, स्किल डेवलपमेंट संस्थानों और अन्य संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किए जाएंगे। इन साझेदारियों के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और इंडस्ट्री इंटरफेस सत्र आयोजित किए जाएंगे। बैठक में कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन ने कहा कि विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप तैयार करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को ऐसे कोर्स और गतिविधियाँ शुरू करनी चाहिए।

## आवक तेज और खरीद धीमी होने किसान परेशान

# रेवाडी, दादरी और बेरी से भी मंडी में पहुंच रहा धान

- धान भीगने पर पक्के फर्श पर होने लगा अंकुरित, समस्या से किसान कर सकते है रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक





अनाज मंडियों में इस समय धान का अंबार लग गया है। रेवाड़ी, बेरी और दादरी जैसे जिलों से भी लगातार ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक भरकर धान मंडी में पहुंच रहे हैं। स्थानीय उत्पादन के साथ बाहरी जिलों की आवक ने मंडी में जगह की भारी कमी पैदा कर दी है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि खरीद की रफ्तार बेहद सुस्त है, जबकि मंडी में पहुंचने वाले धान में नमी की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक है। मौसम की मार ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। लगातार मौसम और बीच-बीच में हुई वर्षा के कारण धान पूरी तरह सूख नहीं पा रहा। नमी का स्तर बढ़ जाने से खरीद एजेंसियां फसल उठाने से कतरा रही हैं। नतीजतन किसान रोजाना अपनी बोरियों को धूप में फैलाकर सूखाने में लगे रहते हैं। कई किसानों ने बताया कि दिनभर मंडी में जगह तलाशना ही एक बड़ी चुनौती बन चुका है। बाहरी जिलों से आने वाले ट्रकों ने भी स्थानीय किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जहां ट्रक खाली करने में घंटों लग रहे हैं, वहीं फसल की ढुलाई और तौल प्रक्रिया में भी देरी हो रही है। मंडी प्रशासन ने दावा किया है कि एजेंसियों को तेजी से लिफ्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### धान की इतनी आवक और इतनी खरीद

वहीं किसानों का कहना है कि जब तक खरीद की प्रक्रिया में गति नहीं लाई जाती और नमी की सीमा पर थोड़ी रियायत नहीं दी जाती, तब तक स्थिति सामान्य होना मुश्किल है। अगर अगले कुछ दिनों में मौसम साफ नहीं हुआ और खरीद में तेजी नहीं आई, तो किसानों के सामने भंडारण और नुकसान की दोहरी चुनौती खड़ी हो जाएगी। मंडी में अब तक 42,843 क्विंटल धान की आवक दर्ज की जा चुकी है। इसमें से केवल 19,365 क्विंटल की ही खरीद हो पाई है। बाकी करीब 23,478 क्विंटल धान अनबिके ढेर के रूप में मंडी में पड़ा है। अधिकारियों के मुताबिक लिफ्टिंग केवल 21 प्रतिशत के स्तर पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम मानी जा रही है।

## संतोष कैंसर फाउंडेशन ने लगाया निःशुल्क हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

- शिविर में 100 से अधिक लोगों ने लिया नि:शुल्क परामर्श

संतोष कैंसर फाउंडेशन ने महम के आज़ाद चौक स्थित महाजन धर्मशाला में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य केवल बीमारियों की पहचान नहीं, बल्कि नागरिकों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में वी केयर कैंसर सेंटर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। कैंप में आंख, नाक, कान, गला, हड्डियों, जनरल मेडिसिन, बीपी, शुगर और मौसमी रोगों की जांच की गई। लगभग 100 से अधिक मरीजों ने इस शिविर में निःशुल्क जांच, परामर्श और दवाओं का लाभ उठाया।

### देवेंद्र खत्री बने राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक

**रोहतक।** समाजसेवा और जनकल्याण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाते हुए चौधरी देवेंद्र सिंह खत्री, पूर्व सरपंच को राष्ट्रीय जाट महासभा भारत द्वारा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामकिशन पावड़िया ने उनकी समाज के प्रति सच्ची निष्ठा और समर्पण को देखते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दी। हुए विश्वास व्यक्त किया कि चौधरी देवेंद्र खत्री अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी से निभाकर समाज और संगठन की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। चौधरी देवेंद्र सिंह खत्री ने प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामकिशन पावड़िया का आभार जताया।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
BIGGEST
Diwali
SALE
8 OCT. TO 20 OCT.
DISCOUNT
UPTO
80%
OFF
ON SHOPPING OF
₹4999 & ABOVE
₹2
2KG
SUGAR
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL SONIPAT
REAL FRUIT JUICE
25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.
PRO V DRY FRUITS
BUY 1 GET 1 FREE
PRO V GIFT PACK - ALMOND - CASHEW - PISTA - RAISINS
PARLE
BUY 1 GET 1 FREE
PARLE - GIFT PACKS
FRESCA JUICE
upto 66% OFF
HAZAM JEERA - JUICE - CELEBRATING MEMORIES JUICE
HALDIRAM'S
upto 15% OFF
CHATPATI BAATEIN - KABHI KHATTA KABHI MEETHA - SWEET & SPICY
WOW VILLAGE
BUY 1 GET 2 FREE
BESAN BURFI - PANJIRI LADDO - KAJU KATLI - RASGULLA
CADBURY
upto 20% OFF
CADBURY CELEBRATIONS GIFT PACK
McVitie's
BUY 1 GET 1 FREE
Gift Pack - Cookies - Biscuits - Chocolate & More.
UNIBIC
BUY 1 GET 1 FREE
Gift Pack - Cookies - Biscuits - Chocolate & More.
BUY 1 GET 1 FREE
HALDIRAM'S
BESAN LADOO & PANJEERI LADOO
BTW GIFT PACK
BUY 1 GET 1 FREE
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA
SATMOLA
BUY 1 GET 1 FREE
RASGULLA - SOAN PAPDI - NAMKEEN
BAJAJ
upto 40% OFF
MIXER - JUICE MAKER - IRON - KETTLE AND MORE.
LUMINARC
upto 40% OFF
CROCKERY AND GLASSWARE
upto 70% OFF
BOUNVILLE BEDSHEETS
CHINAR
upto 40% OFF
BEDSHEETS - YOGA MAT - PILLOW - MAT -TOWELS AND MORE.
MILTON
upto 50% OFF
MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE
Bahadurgarh Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899
Dighal Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127
Sonipat ITI Chowk, near Sai Mandir, Bhagat Pura, Sonipat, Haryana 131001 Contact: +91 90530 87555
Sampla Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800
Rohtak Near D2M Hotel, New Bus stand road, Rohtak, Haryana. Contact: +91-81999 99480
Karnal Address: Elenta Mart, Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal. Contact: +91-9053086555
Jhajjar W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531
Gohana Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626
Rohtak Model Town Near Apex Plus Super Speciality Hospital, Model Town, Near Kailash Ashram, Rohtak. Contact: +91-9350999480
TERMS & CONDITION : PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart